D.No-471
24/11/2020
Aris cell

मत्स्यकी महाविद्यालय,ढोली, मुजफ्फरपुर

डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर

पत्रांक 754 / मत्स्यकी, महा0 ढोली, दिनांक 23 / 11 / 2020

/ / नीलामी सूचना / /

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के अन्तर्गत मत्स्यकी महाविद्यालय, ढोली के केन्द्रीय भण्डार के अधीन पुरानी अनुपयोगी मिनी वैन की नीलामी दिनांक **07.12.2020** को पूर्वाहन **11:00** बजे महाविद्यालय के प्रांगण में सील बंद लिफाफा द्वारा की जायेगी ।

इच्छुक व्यक्ति से अनुरोध है कि रूपये 5000/- मात्र का डिमाण्ड ड्राफ्ट अधिष्ठाता, मत्स्यकी महाविद्यालय, ढोली जो पंजाब नेशनल बैंक, डा0रा0प्र0के0कृ0वि0, पूसा में देय हो, जमानत के तौर पर जमा करना होगा । असफल निविदादाताओं को नीलामी समाप्ति के तुरंत बाद डिमाण्ड ड्राफ्ट वापस कर दिया जाएगा । उच्चतम डाक राशि वाले को डाक समाप्ति के तुरंत बाद कुल डाक राशि का 25 प्रतिशत जमा करना होगा एवं शेष राशि 75 प्रतिशत एक सप्ताह के अन्दर जमा करके मिनी वैन उठा लेना होगा, अन्यथा डाक रद्द कर दिया जाएगा । नीलामी प्रक्रिया में वही व्यक्ति शामिल होंगे जिसकी जमानत राशि जमा होगी ।

नीलामी की प्रक्रिया के पहले इच्छुक व्यक्ति नीलाम होने वाली मिनी वैन के अवलोकन हेतु अंतिम तिथि के पहले किसी भी दिन कार्यालय अवधि के दौरान मत्स्यकी महाविद्यालय, ढोली से सम्पर्क स्थापित कर सकते है । नीलामी राशि पर 18 प्रतिशत GST देय होगा । **निलामी के दौरान मास्क एवं समाजिक दूरी बनाऐ रखना अनिवार्य होगा ।**

बिना कारण बताए नीलामी स्थगित अथवा रद्द करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित है ।

23/11/2020
अधिष्ठाता

ज्ञापांक 754 / मत्स्यकी, महा0 ढोली, दिनांक 23 / 11 / 2020

प्रतिलिपिः सभी अधिष्ठाता/सभी निदेशक, डा0रा0प्र0के0कृ0वि0, ढोली एवं पूसा को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त नीलामी सूचना सर्वसाधारण को सूचित करने हेतु सूचना पट पर प्रदर्शित करने की कृपा की जाये।

23/11/2020
अधिष्ठाता

ज्ञापांक 754 / मत्स्यकी, महा0 ढोली, दिनांक 23 / 11 / 2020

प्रतिलिपिः मत्स्यकी महाविद्यालय, ढोली के नीलामी समिति के सदस्यगण/ नियंत्रक/मुख्य सुरक्षा पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, केन्द्रीय भंडार, डा0रा0प्र0के0कृ0वि0, पूसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

23/11/2020
अधिष्ठाता

ज्ञापांक 754 / मत्स्यकी, महा0 ढोली, दिनांक 23 / 11 / 2020

प्रतिलिपिः प्रभारी पदाधिकारी, ऐरिस सेल, डा0रा0प्र0के0कृ0वि0, पूसा को सूचनार्थ एवं विश्वविद्यालय वेबसाइड पर प्रसारण करने हेतु ।

23/11/2020
अधिष्ठाता

कार्बन प्रति सचिव, माननीय कुलपति, डा0रा0प्र0के0कृ0वि0, पूसा को सूचनार्थ प्रेषित ।